E-mail: sugandh.cbse@gmail.com
Website: www.cbseacademic.in
Tel: 011-23220155
23220083

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षासदन, 17, इन्स्टिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.

के.मा.शि.बो./शै./उ.नि.(म.सि.) 2016/वि.रो.ओ. **दिनांक 26 जुलाई,201 6**

परिपत्र संख्या शैक्षणिक 29/2016

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध
सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए

विषय: विश्व रोबोट ओलम्पियाड (WRO) 2016

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,

विश्व रोबोट ओलम्पियाड (WRO) 2016-एक अन्तर्राष्ट्रीय रोबोटिक्स प्रतियोगिता का दिल्ली में आयोजन होना नियत हुआ है, जिसमें सारे विश्व से 400 दलों के भाग लेने की अपेक्षा की जाती है। इसे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक स्वभाव और 21 वीं शताब्दी के कौशल तैयार करने के लिए ISF (INDIA STEM FOUNDATION) और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय की राष्ट्रीय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। यह संयोग भारतीय विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय दलों के साथ भागीदारी करने, रोबोटिक विशेषज्ञों से मिलने और इसमें भाग लेकर समृद्ध अधिगम अनुभव प्राप्त करने का असीम अनुभव प्रदान करेगा। यह यथा-स्थल सीखने और सृजनशील विचारों को बढ़ावा देकर, युवा विद्यार्थियों से चुनौती और शैक्षणिक रोबोटिक प्रतियोगिताओं के द्वारा समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देकर STEM (Science, Technology, Engineering and Maths) का पारितंत्र भी तैयार करने वाला है।

विद्यार्थियों को सीखने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। तथापि भागीदारी स्वैच्छिक है और विद्यालय तथा विद्यार्थियों के लिए स्वनिर्णय पर निर्भर है। सूचना ब्रोशर और सामान्य मार्गदर्शन संलग्न किए गए हैं। क्षेत्रीय रोबोटिक प्रदर्शनी सितम्बर 2016 में आयोजित होगी, राष्ट्रीय रोबोटिक चैंपियनशिप अक्तूबर 2016 में तथा अन्तर्राष्ट्रीय रोबोटिक चैंपियनशिप नवम्बर 2016 में आयोजित होगी। विस्तृत विवरण वेबसाइट www.wroindia.org या ई-मेल wro@indiastemfoundation.org के द्वारा प्राप्त किया या सकता है।

अन्य किसी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए आप डा० मनजीत सिंह, उप निदेशक से manjit.cbse@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सादर,

सुगंध शर्मा

सुगंध शर्मा
अपर निदेशक एवं प्रभारी (अनुसंधान एवं नवाचार)

अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 अवर सचिव (ईई-1) मानव संसाधन विकास मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली-110001
13 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु
14 सभी एसोसिएट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
15 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशनल सेल, के.मा.शि.बो.
16 प्रभारी अधिकारी आई.टी.परिपत्र को के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर डालने हेतु
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
20 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
21 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के वरिष्ठ निजी सचिव
22 सचिव, के.मा.शि.बो. के वरिष्ठ निजी सचिव
23 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के वरिष्ठ निजी सचिव
24 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के वरिष्ठ निजी सचिव
25 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के वरिष्ठ निजी सहायक
26 अपर निदेशक एवं प्रभारी (अनुसंधान एवं नवाचार) के निजी सहायक

अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)